3475 - अगर इमाम की नमाज़ भ्रष्ट हो जाए, तो क्या वह किसी को उत्तराधिकारी नियुक्त करेगा?

प्रश्न

अगर इमाम को कुछ हो जाता है, तो क्या उसके पीछे नमाज़ पढ़ने वालों में से कोई व्यक्ति (मुक़तदी) नमाज़ियों की इमामत कर सकता है?

विस्तृत उत्तर

अगर इमाम के साथ कोई घटना हो जाए (या उसका वुज़ू टूट जाए) और वह नमाज़ छोड़कर निकलना चाहे : तो वह अपने पीछे नमाज़ पढने वालों में से किसी से कह सकता है : “ऐ फ़लाँ! आगे बढ़ो और उनके साथ नमाज़ पूरी करो। यदि वह ऐसा नहीं करता है, तो उसके पीछे नमाज़ पढ़ने वाले लोग अपने में से किसी को नमाज़ पूरी करने के लिए आगे बढ़ा सकते हैं। या फिर वे अलग-अलग अपनी नमाज़ को पूरा कर सकते हैं।